भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नयी पत्रावलियों को ई–ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा उत्तराखण्ड सचिवालय में स्थापित समस्त कार्यालयों में पत्रावलियों का संचरण ई–ऑफिस के माध्यम से किये जाने के दृष्टिगत बैठक ली गई। प्रथम चरण में ई–ऑफिस सचिवालय के 10 चयनित विभागों में प्रारंभ किया जाना है। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा प्रथम चरण में चयनित विभागों के नोडल अधिकारियों, अनुभाग अधिकारियों की बैठक ली गयी, जिसमें यथाशीघ्र आवश्यक प्रारम्भिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये नयी पत्रावलियों को ई–ऑफिस के माध्यम से उच्च स्तर पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### विधायक जोशी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। विधायक जोशी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल के प्रमुख बनने पर बधाई दी और उनको कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करेगा।

### बोलेरो खाई में गिरी, दो लोगों की मौत

**संवाददाता** देहरादून। कालसी–चकराता मोटर मार्ग पर चापनू व जजरेड के बीच बीती रात एक बोलेरो वाहन खाई में गिर गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा बीती रात करीब 11 बजे का है।

# क्षतिपूर्ति वनीकरण के लिए डिग्रेडेड फॉरेस्ट लैंड की अनुमति होः सीएम

**बैठक**

■पर्वतीय क्षेत्रों में भण्डारण क्षमता विस्तार में केंद्र से सहायता का अनुरोध

■राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत खाद्यान्न के परिवहन का सम्पूर्ण व्यय का वहन भारत सरकार करें

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 22 वीं बैठक में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि केन्द्र पोषित, बाह्य सहायतित और राज्य पोषित सभी योजनाओं में क्षतिपूर्ति वनीकरण के लिए डिग्रेडेड फॉरेस्ट लैंड की अनुमति दी जाए। उत्तराखण्ड के लिए राज्य पुलिस आधुनिकीकरण राशि को बढ़ाया जाए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत खाद्यान्न के परिवहन का सम्पूर्ण व्यय का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाए। दाल पर दी जाने वाली सब्सिडी को जारी रखा जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में भण्डारण क्षमता के विस्तार में सहायता उपलब्ध कराई जाए। छत्तीसगढ़ के रायपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 22 वीं बैठक में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने विभिन्न बिंदुओं पर राज्य के प क्ष को रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने केंद्र से दाल पर 15 रूपए प्रति किलोग्राम सब्सिडी को जारी रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 'मुख्यमंत्री दाल पोषित योजना' शुरू की गई है जिससे राज्य के 23 लाख राशनकार्ड धारकों के लिए प्रतिमाह 2 किलोग्राम दाल सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राथमिक परिवार और अन्त्योदय अन्न योजना में आवंटित खाद्यान्नों के परिवहन के लिए 100 रूपए प्रति क्विंटल की राशि दी जा रही है। उत्तराखण्ड एक पर्वतीय प्रदेश है। यहां परिवहन लागत, मैदानी राज्यों की तुलना में कहीं अधिक आती है। वर्तमान में राज्य में खाद्यान्नों के परिवहन पर 237 रूपए प्रति क्विंटल लागत आ रही है। मुख्यमंत्री ने राज्य के सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में 55 हजार मीट्रिक टन की भण्डारण क्षमता के विस्तार के लिए भारत सरकार से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मंचासीन सीएम त्रिवेंद्र व अन्य।

मुख्यमंत्री ने केन्द्र पोषित, बाह्य सहायतित और राज्य पोषित सभी योजनाओं में क्षतिपूर्ति वनीकरण के लिए डिग्रेडेड फॉरेस्ट लैंड की अनुमति प्रदान किए जाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में टेरिटोरियल आर्मी की दो इकाईयां वृक्षारोपण और नमामि गंगे में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। दैवीय आपदा की स्थिति में सहायता के लिए निर्धारित मानकों को पर्वतीय क्षेत्रों के अनुकूल बनाए जाने की आवश्यकता है। साईबर अपराधों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत उचित रहेगा कि विवेचना का अधिकार उपनिरीक्षक को दे दिया जाए। साईबर अपराधों की विवेचना तेजी से हो सकेगी।

### प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा ने ली डिग्री कालेजों के प्राचार्यों की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को एन.आई.सी, सचिवालय में राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रत्येक जनपद के नोडल अधिकारियों के साथ वीडियों कॉफ्रेंसिग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों में शिक्षक टीचिंग प्लान, पाठ्यक्रम पूर्ण होने की स्थिति, शिक्षकों की तैनाती, छात्र–छात्राओं की संख्या, एडूसेट के माध्यम से शिक्षण कार्य, नेट वर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। जिन दूरस्थ स्थित महाविद्यालयों में कतिपय विषयों में शिक्षकों की तैनाती नहीं है एवं स्थानीय स्तर पर प्राचार्य के द्वारा विज्ञापन निकालने के पश्चात भी शिक्षक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, वहाँ यह निर्देश दिये गये कि निदेशालय स्तर से उन महाविद्यालयों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाए एवं उन दूरस्थ महाविद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्नात्तकोत्तर महाविद्यालयों में 10–20 बच्चों का ग्रुप बनाकर मेन्टरशिप की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए।

### रूट डायवर्ट की समस्या से निजात दिलाने के लिए एसएसपी को धन्यवाद दिया

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस एवं देहरादून की विभिन्न व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में पुलिस उपमहानिरीक्षक अरूण मोहन जोशी से शिष्टाचार भेंट कर देहरादून महानगर को रूट डायवर्ट से होने वाली समस्या से निजात दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। लालचन्द शर्मा ने कहा कि रूट डायवर्ट किये जाने से जनता को जगह–जगह जाम से जूझना पड़ रहा था तथा जनता के साथ–सथ मरीजों को ले जा रही ऐम्बुलेंस व स्कूल के विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। परन्तु अब रूट डायवर्जन समाप्त किये जाने से जनता को राहत मिली है।

## अश्वमेघ यज्ञ स्थल को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित' किया जायेगा

**निरीक्षण**

■ तरूण विजय व डीएम सी रविशंकर ने किया अश्वमघ यज्ञ स्थल का संयुक्त निरीक्षण

देहरादून। **संवाददाता**

'ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्व के अश्वमेघ यज्ञ स्थल को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित' किया जायेगा। यह बात पूर्व राज्यसभा सांसद तरूण विजय और जिलाधिकारी सी रविशंकर द्वारा विकासनगर के समीप स्थित बाड़वाला के संयुक्त भ्रमण के दौरान कही। पूर्व सांसद ने इतने व्यापक महत्व के तथा यहां की आर्थिकी के लिए मील का पत्थर साबित होने वाले ऐतिहासिक यद्य वेदिका स्थल के अभी तक राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य के साथ ही पर्यटकों से ओझल होने पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने इस स्थल को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल करवाने और इसके विकास में हर संभव प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुरातत्व विभाग द्वारा इस स्थान से उत्खनित सभी सामग्री को सामने लाकर उसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा। भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि इसकी ब्राण्डिंग' गरूण अश्व'' के संयुक्त डिजाईन वाले लोगो को दर्शाते हुए करने की जरूरत है।



पूर्व राज्यसभा सांसद तरूण विजय व डीएम सी रविशंकर ने किया अश्वमघ यज्ञ स्थल का निरीक्षण करते हुए।

जिलाधिकारी सी रविशंकर ने पर्यटन स्थल पर पर्यटकों की सहायता के लिए कार्मिकों की जरूरत पूर्ति हेतु स्थानीय ग्राम प्रधान से भी स्थानीय स्तर पर लोगों का समूह गठित करने के लिए कहा तथा इस हेतु रखे जाने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षण–लोनिंग इत्यादि हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।






### कांग्रेस 30 को सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित करेगी 'एकता सम्मेलन'

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशों में ''एकता सम्मेलनों'' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में ''एकता सम्मेलनों'' किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय देहरादून में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में प्रातः 10:30 बजे से ''एकता सम्मेलन'' तथा सायं 1600 बजे नगर निगम प्रेक्षागृह में वरिष्ठ कांग्रेसजन सम्मान व नमक संत्याग्रह –डांडी से खाराखेत नाटक के मंचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे।

### बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बसंत पंचमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।